एक नजर

पर्यूष ण पर्व पर होगा तत्वार्थसूत्र का वाचन

इंदौर। श्री सर्वोदितागम द्विसहस्र जैन समाज छावनी द्वारा पर्यूष ण पर्व 8 सितंबर से 18 सितंबर तक मनाया जा रहा है,तदनुसार प्रतिदिन प्रात दशलक्ष ण पूजन , तत्वार्थसूत्र वाचन सामूहिक सामायिक प्रवचन एवं रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । मीडिया प्रभारी ज्योतिषाचार्य एकांक जैन ने बताया कि बुधवार 11 सितंबर आदर्श को भगवान पुष्पदंतनाथजी का निर्वा ण कल्या क एवं मंगलवार 17 सितंबर को श्री वासुपूज्यभगवान का निर्वा ण कल्या क के अवसर पर लाडू अर्घ ण किए जाएंगे साथ ही प्रतिदिन टीकमगढ़ निवासी बाल ब्रह्मचारी श्री संजय भैयाजी के दस धर्म खमा , मार्दव , आर्जव , सत्य , शौच , संयम , तप , त्याग , आकिंचन एवं ब्रह्मचर्य विषय पर प्रवचन रात्रि को पंचायती मंदिर में होंगे ।

रेडियो और गीत संगीत पर हुई चर्चा

इंदौर। रेडियो एवं संगीत से जुड़े श्रोता बिरादरी समूह के सदस्यों का प्रथम सम्मेलन एक निजी होटल में आयोजित किया गया, जिसमें सकसायिक विषयों के साथ रेडियो और गीत संगीत पर चर्चा की गई। इस आयोजन में इंदौर, भोपाल सहित आसपास के संगीत प्रेमी सम्मिलित हुए। विशेष रूप से वलासिकल संगीत की गायिका नन्दिनी कुलकर्ण ी, प्रसिद्ध गायक दिलीप चपदेवकर, एडवोकेट रिपुसूदन शर्मा, लेखिका कविता वर्मा, ए के नामदेव, उज्जवला, अतुल, अजय देशपांडे, प्रदीप तिवारी, भजन गायिका सुप्रिया कोरान्ने सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। अजय देशपांडे ने बताया कि नवंबर में अखिल भारतीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन और आयोजन रेडियो श्रोता कल्चा । समिति के अध्यक्ष श्रव । सिंह भिन्डारे भोपाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उदय काले एवं विनोद रिंगे ने आभार व्यक्त किया।

जिलाबदर धराया

इंदौर । बेटमा पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को क्षेत्र में ही रहते हुए पकड़ा। 4 महीने पहले उसे जिलाबदर किया था। कल देवास वह इलाके में नजर आया। अब उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम में कार्रवाई की गई बेटमा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक संदीप पोरवाल के अनुसार थाना क्षेत्र के कुरवास बदमाश शानू उर्फ पंचाली को उसकी आपराधिक गतिविधियों के चलते इसी साल मई माह में इंदौर जिले के राजस्व सीमा से जिलाबदर किया गया था, बावजूद इसके वह देवास बेटमा में रहने आ गया। कल उसे बिचानी गार्डन रोड पुलिया के नीचे से पकड़ा।

दूध की गाड़ी ने ले ली गार्ड की जान

इंदौर । बा ागंगा इलाके में दूध गाड़ी ने एक बाइक सवार को ऐसी टक्कर मारी कि उसकी जान ही चली गई। वह गार्ड था, नौकरी से घर जा रहा था। बा ागंगा पुलिस के अनुसार मृतक का नाम श्रीराम पिता नर्मदा प्रसाद निवासी रिवाकांत नगर बा ागंगा है। वह एक निजी कॉलोनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। कल शाम ड्यूटी कर घर जा रहा था तभी दूध की गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर घायल हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी जान नहीं बची। श्रीराम के पांच बच्चे हैं। पुलिस में दूध गाड़ी वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

50 लाख रुपए के गांजे के साथ पकड़ाया तस्कर

इंदौर। नारकोटिक्स विभाग की टीम ने गांजे की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। वह इंदौर में गांजा सप्लाई के लिए आया था तभी नारकोटिक्स टीम को सूचना मिली तो टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़कर उसकी कार भी जब्त की गई। नारकोटिक्स विभाग में फरार चौथाई पर। 7 पाकेट के अनुसार पहले वह आरोपी था जब्त कुशेश्वर सिंह सिसौदिया निवासी धाम आकार मालवा है।

होम्योपैथिक महिला डॉक्टर से बर्बरता

पति, सास-ननंद पर केस. प्रॉपर्टी बेच प्लैट का लोन चुकाने बना रहे थे दबाव

नगर प्रतिनिधि

इंदौर। चंदन नगर पुलिस ने होम्योपैथिक महिला डॉक्टर की शिकायत पर उसके पति, सास और ननंद पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। महिला डॉक्टर ने अपने पति पर अन नेचुरल सेक्स को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। छह माह पहले ही महिला डॉक्टर की शादी हुई थी।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 31 साल की महिला ने अपने पति पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है। वहीं सास और ननंद को प्रताड़ना को लेकर आरोपी बनाया गया है। महिला ने बताया कि उसकी शादी फरवरी माह में हुई थी। शादी में पिता ने 5 लाख दहेज दिया। वहीं गहने और आभूषण दिए।

पिता के दिए मकान को बेचने का दबाव बनाया

शादी के वक्त पिता ने तीन मंजिला मकान उसके नाम किया। जिसकी शुरूआत में पति को जानकारी थी। लेकिन शादी के एक हफ्ते बाद पति को इस बात की जानकारी लगी गई। ससुराल से 26 फरवरी को बॉम्बे अस्पताल के पास एक अपार्टमेंट में रहने पहुंची।

यहां पति ने एक दिन कहा कि तुम्हारे पिता ने जो वसीयत में मकान दिया है। उसे बेचकर फ्लैट का लोन उतार दो। इस बात पर पति को इनकार कर दिया। इसके बाद पति ने 27 फरवरी को ससुराल में खजराना लेकर आ गए। यहां सास ने दहेज के सामान को लेकर विवाद किया। कहा कि फकीर लड़की दहेज में कुछ लेकर नहीं आई। इस पर पति वहां से वापस फ्लैट पर ले गए।

एक हफ्ते तक की गलत हरकतें ननंद सास ने नहीं सुनी

27 फरवरी की रात में पति ने अप्राकृतिक तरीके से शारीरिक संबंध बनाए। इनकार करने पर मारपीट की। वह पूरी रात गलत हरकतें करते रहे। करीब एक सप्ताह तक इस तरह कि हरकतें की। यह बात परेशान होकर ननंद और सास को बताई तो उन्होंने कहा कि पति है उसका शौक पूरा करो।

पति से विरोध किया तो कहा कि मकान बेचकर उसकी बात मान ले या फिर तलाक लेकर अपने माता-पिता के साथ रहे। इसके बाद भी पति की हरकतें बंद नहीं हुई। शरीर से ब्लीडिंग शुरू हो गई। उठने बैठने में तकलीफ होती। इसके बाद खुद अपना उपचार किया। पति ने डॉक्टर के पास ले जाने से इनकार कर दिया।

अप्रैल में ननंद आई तो उसने भी मारपीट की। इस बीच महिला डॉक्टर ने चुपके से भाई को कॉल किया और पूरी जानकारी दी। भाई वहां आकर बहन को लेकर चला गया। दोनों ने माता-पिता को पूरा घटनाक्रम बताया। तब पिता ने पति को बुलाया तो उन्होंने घर आकर विवाद किया। इसके बाद महिला ने माता-पिता के साथ थाने जाकर पति, सास और ननंद के खिलाफ रिपोर्ट लिखा दी।

लालच व डर ही है साइबर अपराधियों के सबसे बड़े हथियार

इंदौर। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर ने पुलिस टीम के साथ सिका कॉलेज निपानिया इंदौर में पहुंचकर, स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत रक्षऊअ कॉलेज के कैम्पस में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने, 289 वीं कार्यशाला में करीब 350 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड, ई-कॉमर्स वेबसाइट द्वारा किए जाने वाले फ्रॉड, फर्जी लोन ऐप्प और निवेश आदि के लुभावने ऑफर वाले, डिजिटल अरेस्ट तथा सोशल मीडिया पर किये जाने वाले आदि विभिन्न साइबर अपराधों की जानकारी दी।

रिटायर्ड अफसर का मोबाइल उड़ाया

गैरेज से कार पार्ट्स चोरी, सीसीटीवी कैमरे भी चुराए

इंदौर। लसूड़िया में एक रिटायर्ड अफसर का मोबाइल बदमाश चुराकर भाग गया। वह पूजा का सामान खरीदने गए थे। एमआर 10 से मिठाई की दुकान पर खरीदारी करने आए एक अन्य व्यापारी का मोबाइल भी बदमाश चुराकर ले गया। वही कनाड़िया में भी ऑटो डील पर चोरी की वारदात हुई है।

लसूड़िया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लेबर आफिसर के पद से रिटायर्ड हुए अरविंद सक्सेना पुत्र प्रकाश सक्सेना ने बताया कि वह स्कीम नंबर 78 में अग्रवाल पूजन सामग्री पर सामान लेने गए। यहां किसी ने धक्का-मुक्की में उनका मोबाइल निकाल लिया। अरविंद को जब मोबाइल नहीं मिला तो उन्होंने थाने जाकर मामले में केस दर्ज कराया।

वहीं एमआर 10 पर सांवरिया स्वीट्स पर शनिवार दोपहर मिठाई लेने पहुंचे। व्यापारी कैलाश शर्मा का मोबाइल नजदीक ही खड़े एक आरोपी ने निकाल लिया। उन्होंने मिठाई दुकान से सीसीटीवी लेने के बाद हीरा नगर पुलिस को शिकायत की है।

बाइक सवार युवती से सरेराह छेड़छाड़

इंदौर। भंवरकुआं पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर एक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार लड़कों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फरियादी लड़का अपनी दोस्त के साथ मोटर साइकिल से जा रहा था तभी आरोपियों ने सरेराह आई लव यू कहा। लड़का लड़की ने विरोध किया तो आरोपी धमकाने लगे और गालियां देते हुए भाग निकले। पुलिस अब गाड़ी नंबर के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। भंवरकुआं वाले में रिंगरोलैंड के रहने वाले एक लड़के की शिकायत पर कार नंबर एमपी-08 सीबी-3777 में सवार लड़कों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी महिला मित्र के साथ रात के समय जा रहा था इसी दौरान आरोपी स्कॉर्पियो सवार लड़कों ने उसके पेछाकर आई लव यू बोला। फरियादी युवक ने इस बात का विरोध किया। अपने दोस्त और को फोन लगाकर जानकारी दी तो स्कॉर्पियो सवार लड़के विरोध कर मारपीट करने पर उतारू हो गए।

ऑटोडील में घुसे चोर, कैमरे-एलईडी और पार्टस चोरी

कनाड़िया में एक आटोडील और गैरेज पर चोरी हो गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि उदित रघुवंशी निवासी ऋषि कुटीर रोबोट चौराहा ने बताया कि सर्व सुविधा नगर में उनके ऑटो डील और गैरेज है शुक्रवार रात को गैरेज बंद कर-के चले गया।

सुबह यहां काम करने वाले तौसिफ ने कॉल कर बताया कि गैरेज में चोरी हो गई। मौके पर जाकर देखा तो वहां से 7 सीसीटीवी कैमरे, कार व एसी का सामान, एक मोबाइल और एलईडी गायब मिला। बाद में थाने जाकर मामले में शिकायत की है।

शिशु रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर को महिलाओं ने पीटा

बीमा अस्पताल में है पदस्थ, थाने पर शिकायत करने से थी आरोपी नाराज

इंदौर। भंवरकुआ में शिशु रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला डॉक्टर बीमा अस्पताल में पदस्थ है। उन्होंने मामले में तीन महिलाओं पर केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

भंवरकुआ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. किरण सहारे की शिकायत पर पलक, पायल और खुशी पर केस दर्ज किया गया है। किरण ने बताया कि वह बीमा अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ के पद पर पदस्थ हैं। दो दिन पहले शाम को तीनों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया। इस बात को लेकर शनिवार शाम 7 बजे तीनों घर में घुस आई।

उन्होंने कहा कि थाने में शिकायत दर्ज क्यों कराई। इस बात पर अपशब्द कहे। इस दौरान सिर के बाल पकड़कर सिर दरवाजे पर जोर से मार दिया। जिससे उनके सिर में चोट लगी। इसके बाद खुशी लोहे का एंगल लेकर आई। जिसमें सिर में मार दिया। इस दौरान आवाज सुनकर पड़ोसी आए ओर उन्होंने बचाव किया। इसके बाद रिश्तेदारों के साथ थाने पहुंची और मारपीट को लेकर एक ओर एफआईआर दर्ज कराई।

निजी कंपनी कर्मचारी पर सुतली बम फेंका

इंदौर। शनिवार को गणेशोत्सव के दौरान बदमाशों ने सुतली बम में आग लगाकर एक युवक पर फेंक दिया। इससे युवक की कपड़ों के साथ कमर में चोट आई है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

भंवरकुआ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दीपक पुत्र दामोदर विश्वकर्मा निवासी दुर्गा नगर ने बताया कि वह निजी कंपनी में काम करता है। वह अपनी स्कूटी से राजीव गांधी चौराहा से भंवरकुआ चौराहा तरफ जा रहा था। जैसे ही बाजीराव एकेडमी विष्णुपुरी कॉलोनी के पास पहुँचा तो यहां गणेशोत्सव पर कुछ युवक पटाखे फोड़ रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने सुतली बम पटाखा जलाकर फेंका। सुतली बम फटने से बैग और शरीर के कपड़े जल गए। वहीं पीठ पर घाव हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत कपड़े और बैग की आग को बुझाया। घायल अवस्था में दोस्त रोहित मालवीय ने अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद भंवर कुआ थाना जाकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया। युवक की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

कामरेड होमी एफ दाजी स्मृति राष्ट्रीय संवाद

श्रमिकों के अधिकारों के लिए जीवन भर लड़ते रहे होमी एफ दाजी

इंदौर। कामरेड होमी एफ दाजी एक ऐसे व्यक्तित्व का नाम है जिसने हमेशा श्रम की प्रतिष्ठा बढ़ाई और जीवन भर श्रमिकों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे और गैर बराबर समाज के लिए लड़ते रहे। होमी दाजी केवल इंदौर के ही नहीं देश और दुनिया के मजदूर नेता थे और जिन्हें सुनने के लिए भीड़ जमा हो जाया करती थी।

ये विचार वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री मेधा पाटकर के है, जो उन्होंने पूर्व सांसद एवं जन नेता कामरेड होमी एफ दाजी स्मृति राष्ट्रीय संवाद वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में हमारी भूमिका में कहे। अभिनव कला समाज में यह आयोजन समाजवादी विचार प्रसार केंद्र न्यास, स्टेट प्रेस क्लब, म. प्र., अभ्यास मंडल, श्रम संगठनो की संयुक्त अभियान समिति इंदौर, विचार मंच ने सयुंक्त

रूप से किया था।

वक्ता के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री जया मेहता,भाकपा म. प्र के राज्य सचिव मंडल सदस्य सत्यम सागर भी थे। अध्यक्षता इंटक के अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने की। फारूक दाजी भी मंच पर विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रवीण कुमार खारीवाल ने कहा कि हमारा क्लब समसामयिक और लोगों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा के लिए सदेव तत्पर हैं। ऐसी संस्थाओ को हम प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराते है। फारूखी भाई ने भी दाजी के साथ के कई संस्मरण सुनाएँ। अतिथि स्वागत शिवाजी मोहिते, अरविंद पोरवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन किया विवेक मेहता ने। आभार माना रुद्रपाल यादव ने। इस मौके पर गाँधीवादी अनिल त्रिवेदी, कैलाश लिंबोदिया,रामबाबू अग्रवाल, अतुल सेठ, डॉ, ओ पी जोशी, हरेराम वाज पेयी, राहुल तिहोरे, दिनेश कोठारी, मिलिंद रावल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

COMMERCIAL SYN BAGS LIMITED
CIN-L25202MP1984PLC002669
Regd. Office: Commercial House, 3-4, Jaora Compound, M.Y.H. Road, Indore (M.P.)-452001
Contact No.: 0731-4279525, Email ID: investors@comsyn.com, Website: www.comsyn.com

40वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग और पुस्तक समापन की सूचना

1. वार्षिक आम बैठक:

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 40वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, 30 सितंबर, 2024 को दोपहर 01:00 बजे आयोजित की जाएगी।दिनांक 07 सितंबर, 2024 के एजीएम के नोटिस में निर्धारित किया गया है कि सभी व्यवसायों को पलाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) का प्रयोग किया जाएगा।

इस संबंध में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी किए गए कई परिपत्रों के साथ पढ़े जाने वाले कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी। एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम आयोजित करने की अनुमति। सदस्यों को सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए इलेक्ट्रॉनिक फोटोप्रॉक्सी के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक प्रतियों उन सभी शेयरधारकों को भेजी जाएंगी जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। यदि आपने अपना ईमेल पता कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत नहीं किया है तो आप कृपया अपना ईमेल पता पंजीकृत कर सकते हैं।

भौतिक शेयरधारक: ईमेल पता और बैंक खाता विवरण पंजीकृत करने के लिए कृपया कंपनी और/या कंपनी के रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर एजेंट से संपर्क करें।

डीमैट शेयरधारक: कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ईमेल पता और बैंक खाता विवरण पंजीकृत करें।

सदस्य ध्यान दें कि 40वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.comsyn.com और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com पर पर उपलब्ध होगी। 40वीं एजीएम का नोटिस सीडीएसएल www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगा।

2. ई-वोटिंग एवं प्रक्रिया:

कंपनी के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

लागू नियमों और विनियमों के अनुपालन में, सदस्यों को सीडीएसएल द्वारा प्रदान किए गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग साधनों (ई-वोटिंग) का उपयोग करके एजीएम के नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाती है,

सदस्यों का मतदान अधिकार सोमवार 23 सितंबर, 2024 ("कट ऑफ डेट") को कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों की हिस्सेदारी के अनुपात में होगा।

23 सितंबर, 2024 की कट-ऑफ तारीख तक अपने शेयर भौतिक रूप में या डीमटेरियलाइज्ड रूप में रखने वाले सदस्य रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम के नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट एजीएम में डाल सकते हैं।

रिमोट ई-वोटिंग 27 सितंबर 2024 (शुक्रवार) को सुबह 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) से शुरू होगी और 29 सितंबर, 2024 (रविवार) को शाम 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी। उपरोक्त अवधि के बाद वोटिंग तुरंत समाप्त कर दिया जाएगा और रिमोट ई-वोटिंग के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और उन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा उन्हें ऐसा करने से रोका नहीं गया है, वे बैठक के पहले पूरी तरह से रिमोट ई-वोटिंग में वोट करने के पात्र होंगे। एजीएम में भी भाग ले सकते हैं/वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग ले सकते हैं, लेकिन दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

सोहरा ईशान जैन, मेसर्स ईशान जैन एंड कंपनी के मालिक, कंपनी सचिव ईदिन (एफसीएस 9978, सीपी 13032) को निष्पक्ष रूप से एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया और ई-वोटिंग की जांच के लिए परिवर्तनीय तरीके से जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है।

कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि यानी 23 सितंबर, 2024 तक शेयर रखता है, तो helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं या हमारे शेयर ट्रांसफर एजेंट मेसर्स बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ऑफिस नंबर S6-2, 6वीं मंजिल पिनैकल बिजनेस पार्क, अहुरा सेंटर के पास में, महाकाली केव्स रोड, अंधेरी (ई), मुंबई पर अनुरोध करें। -400093, भारत दूरभाष: + 91-22-6263 8200 ईमेल: इन्वेस्टर@बिगशेयर.कॉम वेबसाइट: www.bigshareonline.com की भी अनुरोध कर सकता है।

हालांकि, यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग के लिए पहले से ही सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।

3. पुस्तक बंद करना:

आगे सूचना दी गई है कि वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी की एजीएम के उद्देश्य से सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 42 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसार कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक गंगावाला, 24 सितंबर, 2024 से सोमवार, 30 सितंबर, 2024 (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेगा।

उपरोक्त जानकारी कंपनी के सभी सदस्यों को जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और एसबीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में है।

स्थान: इंदौर
दिनांक: 07.09.2024

वास्ते कमर्शियल सिन बैग्स लिमिटेड
एसडी/-

पूजा चौकसे
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

KATARIA INDUSTRIES LIMITED
(Earlier Known as Kataria Industries Private Limited)
Registered Office: 34-38 And 44, Industrial Area, Ratlam, Madhya Pradesh, India, 457001, **Email ID:** info@katariagroup.co.in
Mobile: +919981828377; **Website:** www.katariaindustries.co.in

कंपनी की 20वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, कट-ऑफ तिथि और ई-वोटिंग

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कटारिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जिसे पहले कटारिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के सदस्यों की बीसवीं (20वीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, 30 सितंबर, 2024 को सुबह 11.00 बजे आईएसटी 34-38 और 44, इंडस्ट्रियल एरिया, रतलाम, मध्य प्रदेश, भारत 457001 को 20वीं एजीएम के नोटिस में निर्धारित सामान्य व्यवसायों को संचालित करने के लिए आयोजित की जाएगी।

उपर्युक्त MCA परिपत्रों और SEBI के परिपत्र सं SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62, दिनांक 13 मई, 2022, वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 के साथ 20वीं एजीएम की सूचना इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेजी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। माननीय सदस्य नोट कर सकते हैं कि सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 कंपनी की वेबसाइट एट www.katariaindustries.co.in, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट यानी www.evoting.nsdl.com

एमसीए परिपत्रों के आलोक में, शेयरधारक चाहे डीमैट फॉर्म या भौतिक रूप में इक्विटी शेयर धारक कर रहे हों और जिन्होंने अपने ईमेल पते जमा नहीं किए हैं और जिनके परिणामस्वरूप 20वीं एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 की सूचना की सेवा नहीं की जा सकी, वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अस्थायी रूप से अपने ई-मेल पते पंजीकृत करवा सकते हैं.

1. यदि शेयर भौतिक मोड में रखे जाते हैं, तो कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) ईमेल द्वारा Info@katariagroup.co.in भेज सकते हैं।
2. यदि शेयर डीमैट मोड में रखे जाते हैं, तो कृपया Info@katariagroup.co.in को ईमेल द्वारा डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों का डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों का लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) प्रदान करें।
3. वैकल्पिक रूप से सदस्य evoting@nsdl.co.in को बिंदु (ए) या (बी) में उल्लिखित विवरण साबित करके यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए एक ई-मेल अनुरोध भेज सकते हैं।
4. ई-मेल पते के सफल पंजीकरण के बाद, शेयरधारक को 20वीं एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 की सूचना की सॉफ्ट कॉपी और 20वीं एजीएम के लिए ई-वोटिंग को सक्षम करने के लिए यूजर-आईडी और पासवर्ड के साथ ई-वोटिंग की प्रक्रिया मिलेगी। किसी भी प्रश्न के मामले में, शेयरधारक Info@katariagroup.co.in पर कंपनी को लिख सकता है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (प्रतिभागियों) के साथ अपने पूर्व बैंक विवरण और ईमेल आईडी को पंजीकृत/अपडेट करें, जिनके साथ वे अपने डीमैट खाते बनाए रखते हैं यदि शेयर अपेक्षित दस्तावेज जमा करके डिमटेरियलाइज्ड मोड में रखे जाते हैं।

नंगमी में कोई भौतिक बोगस्थापाकर नहीं होने के कारण, नंगमी के वादस्वों का रजिस्टर और बोगर इंडांसफर बुक बंद नहीं है। भिन्न वादस्वों के नाम सदस्यों के रजिस्टर में या सोमवार, 23 सितंबर, 2024 (''कट-ऑफ तिथि'') को डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे केवल रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे और साथ ही एजीएम में मतदान भी करेंगे।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ उसके तहत बनाए गए नियमों (संशोधित) और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 (संशोधित) के विनियमन 44 और उपर्युक्त एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में, कंपनी एजीएम में दिए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में अपने सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इस उद्देश्य के लिए, कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की सुविधा के लिए एनएसडीएल के साथ एक समझौता किया है। एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग और वोटिंग के माध्यम से सदस्यों द्वारा पारित प्रस्तावों को पारित माना जाता है जैसे कि वे एजीएम में पारित किए गए हैं

रिमोट ई-वोटिंग गुरुवार, 26 सितंबर, 2024 को सुबह 09:00 बजे शुरू होगी और रविवार, 29 सितंबर, 2024 को शाम 05:00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयर रखने वाली कंपनी के सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट (रिमोट ई-वोटिंग) डाल सकते हैं। सदस्य नोट कर सकते हैं कि **a)** मतदान के लिए उपर्युक्त तिथि और समय के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को *अक्षम कर दिया जाएगा और एक बार मतदान द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, मतदान को बाद में बदला नहीं जा सकता है* और **b)** जिन सदस्यों ने 20 वीं एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी 20वीं एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया 20 वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में प्रदान की गई है।

कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और एजीएम की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि यानी सोमवार, सितंबर 23, 2024 को शेयर रखता है, evoting@nsdl.co.in या info@katariagroup.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि आप पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं तो आप अपना वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं। यदि आप अपना पासवर्ड भूल गए हैं, तो आप www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध ''पासवर्ड भूल गए'' विकल्प का उपयोग करके अपना पासवर्ड रीसेट कर सकते हैं। सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा पर 9 दिसंबर, 2020 के सेबी परिपत्र के संदर्भ में, डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ बनाए गए अपने डीमैट खाते के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है। ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए शेयरधारकों को अपने डीमैट खाते में अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी